उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
हरिद्वार
पिन कोड–249404

सं0: 73 / 04(vii) / डी0आर0 / वि0नि0नि0प0 / सेवा–03 / 2022–23 दिनांकः 02 / 01 / 2024

विज्ञप्ति

सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') परीक्षा–2023 के सापेक्ष ऑनलाइन वरीयता (Online Preference) एवं अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि **सहकारिता पर्यवेक्षक एवं पर्यावरण पर्यवेक्षक (समूह 'ग') परीक्षा– 2023 हेतु प्रकाशित** विज्ञापन संख्याः A-2/DR/S-3/2023-24 दिनांक 10 जुलाई, 2023 के क्रम में दिनांकः 19 नवम्बर, 2023 को आयोजित लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) के सापेक्ष विज्ञप्ति संख्या–256 / 19 / सह.पर्य–पर्या.पर्य / G-2/2023-24, दिनांक 01 जनवरी, 2024 द्वारा अभिलेख सत्यापन सूची निर्गत की गयी है। उक्त अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा दिनांक 02 जनवरी, 2024 से 11 जनवरी, 2024 तक ऑनलाइन लिंक के माध्यम से विज्ञापित पदों के सापेक्ष पदवार ऑनलाइन वरीयता (Online Preference) प्रदान किये जाने हेतु आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन लिंक खोला गया है। उक्त ऑनलाइन लिंक के माध्यम से अभ्यर्थीगण पदवार ऑनलाइन वरीयता (Online Preference) भरना सुनिश्चित करें।

उक्त निर्गत अभिलेख सत्यापन सूची के क्रम में अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन–पत्र में किये गये दावों का उनके मूल अभिलेखों से मिलान किये जाने हेतु अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से आयोग की वेबसाइट psc.uk.gov.in पर प्रसारित किया गया है। अभ्यर्थियों के अभिलेखों का सत्यापन **दिनांक 11 जनवरी, 2024** को **परीक्षा भवन, उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** में किया जाना निर्धारित है। अभिलेख सत्यापन कार्यक्रम व अन्य दिशा–निर्देशों हेतु कार्यालय ज्ञाप आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थीगण कार्यालय ज्ञाप का अवलोकन करना सुनिश्चित करें।

-Sd/-
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।